Cdt Chanchal of Podar College, Nawalgarh getting Gold medal in 3P position.
She scored 174 pts, 61 more than 2nd best in Boys/girls category

दैनिक भास्कर झुंझुनू भास्कर 12-06-2024

पोदार कॉलेज की एनसीसी कैडेट चंचल नेहरा ने जीता गोल्ड

नवलगढ़ | कस्बे की पोदार कॉलेज नवलगढ़ की एनसीसी कैडेट चंचल नेहरा ने एनसीसी कैम्प में शूटिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। एएनओ लेफ्टिनेंट कमलेश कुमार ने बताया कि एनसीसी कैडेट सचिन भींचर का भी आगामी एनसीसी कैम्प में चयन हुआ है। इस सफलता पर चंचल का सम्मान किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह, डॉ. भूपेन्द्र सिंह राठौड़, संदीप जांगिड़, सुमन सैनी, श्यामा डीडवानिया, डॉ. अनिल शर्मा, रचना, महिमा सोनी, कविता जांगिड़, एनसीसी अधिकारी सुरेन्द्र सिंह तंवर मौजूद थे। दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन राजीव के पोदार, ट्रस्टी वेदिका पोदार, अधिशाषी निदेशक एमडी शानभाग, सीओओ डॉ. राजेन्द्र कुमार, उपप्राचार्य डॉ. विनोद कुमार सैनी ने एनसीसी कैडेट चंचल नेहरा को बधाई दी।

पोदार कॉलेज के मयंक कुमार शिवरान ने राइफल शूटिंग वरिष्ठ वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया

नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)। दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ़ द्वारा संचालित सेठ जीबी पोदार कॉलेज नवलगढ़ में 3 राज. बटालियन एनसीसी, सीकर द्वारा आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक ट्रेनिंग कैंप में सेठ जी. बी. पोदार कॉलेज नवलगढ़ के कैडेट मयंक कुमार शिवरान ने राइफल शूटिंग वरिष्ठ वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पोदार कॉलेज के एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेट कमलेश कुमार ने बताया कि निमावत पब्लिक स्कूल फतेहपुर में 17 से 26 सितम्बर तक आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण कैम्प में आयोजित राइफल शूटिंग में कैडेट ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। 3 राज. बटालियन एनसीसी सीकर के कमान अधिकारी कर्नल जे. एस. लाम्बा, लेफ्टिनेंट कर्नल शा जी. पी. एवं सूबेदार मेजर रामावतार सिंह ने कैडेट को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया।

संस्था के चेयरमैन राजीव के. पोदार, ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार, अधिशासी निदेशक एम.डी. शानभाग, प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह, उप-प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार सैनी ने एनसीसी. कैडेट्स को बधाइयां व शुभकामनाएं प्रेषित की।

पोदार कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)। कस्बे के दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ़ द्वारा संचालित सेठ जी. बी. पोदार कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम एवं द्वितीय तथा एन.सी.सी. के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा खेल सप्ताह का आयोजन पोदार पवेलियन में किया जा रहा है।

राष्ट्रीय खेल दिवस स्वयंसेवकों ने तथा एन.सी.सी. कैडेट्स ने विभिन्न प्रकार की ... प्रतियोगिताओं में भाग लिया। पोदार कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि अध्ययन के साथ-साथ खेल भी हमारे जीवन का अभिन्न अंग है तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरुरी है। उप-प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार सैनी ने बताया कि समय-समय पर मानसिक ... विकास के लिए विद्यार्थी जीवन में खेल एक अहम हिस्सा है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम कार्यक्रम अधिकारी श्री सुधीर जांगिड़ तथा ईकाई द्वितीय कार्यक्रम अधिकारी रमेश पारीक ने विद्यार्थियों को खेलों का महत्व समझाया। साथ-साथ खेल सप्ताह के दौरान सभी स्वयंसेवकों को सभी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। खेल दिवस के उपलक्ष्य में एन.सी.सी. अधिकारी कमलेश कुमार व खेल अधिकारी राजपाल सिंह ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में हो रही विभिन्न खेल प्रतियोगीताओ में बढ़-चढकर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान वॉलीबॉल, बैडमिंटन, 400 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़ आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन राजीव के. पोदार, ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार अधिशासी निदेशक एम.डी. शानभाग ने विद्यार्थियों को बधाई दी तथा खेलों मे रुचि ... साथ खेलों को ... साथ बड़े पैमाने पर ... प्रेरित किया।

पोदार कॉलेज में विधायक ने किया पौधारोपण

नवलगढ़ @ पत्रिका. दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थाओं की ओर से पोदार कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया गया। एक पेड़ मां के नाम व हरयाळो राजस्थान अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल ने पौधा लगाकर अभियान की शुरूआत की। पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सैनी, पोदार ट्रस्ट के अधिशाषी निदेशक एमडी शानभाग, पोदार कॉलेज प्राचार्य सत्येंद्र सिंह, उप प्राचार्य विनोद सैनी, पोद्दार बीएड प्राचार्य दुर्गा भोजक, प्रो. अनिल शर्मा ने भी एक-एक पौधा लगाकर अभियान को गति प्रदान की। पोदार कॉलेज प्राचार्य सत्येंद्र सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों का पोदार संस्थाओं द्वारा रजिस्ट्रेशन करवाया जाता है व पौधे उपलब्ध करवाकर सार संभाल की जिम्मेदारी दी जाती है। इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम नोडल अधिकारी विद्याधर शर्मा, एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट कमलेश कुमार सैनी, स्काउट इंचार्ज संजय सैनी, एनएसएस अधिकारी सुधीर जांगिड़, रमेश पारीक, चेतन दाधीच, भूपेंद्र सिंह राठौड़, शांतिलाल जोशी, प्रमोद सैनी, विक्रम सिंह जाखड़, गोपाल सिंह सहित स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे। पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन राजीव के पोदार व ट्रस्टी वेदिका पोदार ने संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण ना केवल हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है बल्कि हमारे अस्तित्व के लिए भी आवश्यक है।

Satyendra Singh

Digitally signed by Satyendra Singh
DN: C=IN, CN=Satyendra Singh, O=Personal, ST=Madhya Pradesh, postalCode=474020, pseudonym=f3dfb50e40ae441a9c5420ae944b171c, serialNumber=9b20c3a910498633f1c9644ca027403ec4a50c08227f16118098579503df9be4, telephoneNumber=7e39667dffee2dd7e737b8f8442f65aae3cda8e123b7569f1b97b000a4684d3f, title=9133
Reason: I
Location:
Date: 2026.02.18 12:14:47+05'30'
Foxit PDF Reader Version: 2025.3.0